भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1158
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण, 1948 शक (शक)

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम

1158. श्री के. सी. वेणुगोपाल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का 19 सितंबर से 4 अक्तूबर, 2026 तक आइची - नागोया, जापान में आयोजित होने वाले 2026 एशियाई खेलों में भाग लेना निर्धारित था;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा टीम को उक्त खेलों में भाग लेने की मंजूरी न दिए जाने के क्या कारण हैं और क्या अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने ऐसी मंजूरी प्राप्त करने के लिए मंत्रालय के समक्ष कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था;

(ग) एशियाई खेल 2026 में भागीदारी के लिए टीमों और एथलीटों को मंजूरी देने हेतु सरकार द्वारा जारी पात्रता मानदंडों और दिशानिर्देशों का पूर्ण व्यौरा क्या है; और

(घ) भारतीय फुटबॉल को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं / उठाए जा रहे हैं ताकि राष्ट्रीय टीम भविष्य की बहु-खेल प्रतियोगिताओं के लिए योग्यता के आधार पर क्वालीफाई कर सके?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) जी नहीं।

(ख) उपर्युक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

(ग) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने 24 सितंबर, 2025 को एशियाई खेल 2026 और अन्य बहु-खेल स्पर्धाओं में व्यक्तियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड से संबंधित नीति जारी की जिसका उद्देश्य एक पारदर्शी और न्यायसंगत रूपरेखा तैयार करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वास्तव में पदक जीतने की संभावना रखने वाले एथलीट ही बहु-खेल स्पर्धाओं में भाग लें।

इसका विवरण मंत्रालय की वेबसाइट (https://yas.gov.in/sites/default/files/VOLUME_NSF1_1.pdf) पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(घ) किसी विशिष्ट खेल विधा के संवर्धन और विकास का उत्तरदायित्व संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) का होता है, जो फुटबॉल के मामले में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) का है। देश में फुटबॉल के संवर्धन और विकास के लिए सरकार अपनी विभिन्न स्कीमों के माध्यम से एआईएफएफ के प्रयासों में सहायता कर रही है। एनएसएफ को सहायता स्कीम के तहत फुटबॉल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, तैयारी और प्रतिस्पर्धी एक्सपोज़र का ध्यान रखा जाता है । भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों को उनकी तैयारी के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिसमें विदेशों में उनके प्रशिक्षण और भारत तथा विदेशों में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के लिए वित्तीय सहायता के अलावा पौष्टिक आहार, उपकरण, अत्याधुनिक अवसंरचना, आवास, यात्रा सुविधाएं, प्रतिष्ठित भारतीय और विदेशी कोचों/सहायक कर्मचारियों की सेवाएं, वैज्ञानिक और चिकित्सा सहायता, खेल किट आदि शामिल हैं। सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से फुटबॉल को "प्राथमिकता" श्रेणी में रखा गया है।

****